पर्यटन क्षेत्र में बड़े निवेश की तैयारी

एमपी ट्रैवल मार्ट में 848 करोड़ रुपये के निवेश का समझौता

राज्य ब्यूरो, नईदुनिया, भोपालः मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि मध्य प्रदेश प्राकृतिक सौंदर्य, वन्यजीव संपदा, ऐतिहासिक धरोहर और आध्यात्मिक पर्यटन की दृष्टि से असीम संभावनाओं वाला राज्य है। राज्य सरकार पर्यटन निवेश को बढ़ावा देने के लिए पारदर्शी नीतियों, त्वरित अनुमतियों और सिंगल विंडो व्यवस्था के माध्यम से निवेशकों को सहयोग दे रही है। एमपी ट्रैवल मार्ट-2026 के दौरान मुख्यमंत्री ने देश-विदेश के पर्यटन निवेशकों, हॉस्पिटैलिटी समूहों और अन्य हितधारकों के साथ वन-टू-वन बैठकें कीं।

सीहोर जिले के रामगढ़ में एआरएम फूड्स प्राइवेट लिमिटेड के साथ 848.40 करोड़ रुपये के निजी निवेश से गोल्फ कोर्स, होटल विला, वेलनेस रिसॉर्ट और लक्जरी होटल विकसित करने के लिए एमओयू हुआ। परियोजना से 920 प्रत्यक्ष रोजगार के अवसर सृजित होने की संभावना है।



हॉस्पिटैलिटी, वन्यजीव, हैरिटेज और फिल्म पर्यटन में निवेश प्रस्ताव

पर्यटन विकास, हेरिटेज संरक्षण और कौशल विकास के लिए कई एमओयू हुए। ओरछा के ऐतिहासिक परिसर की समेकित प्रबंधन योजना के लिए स्कूल ऑफ प्लानिंग एंड आर्किटेक्चर, नई दिल्ली के साथ समझौता किया गया। पर्यटक वाहन चालकों के प्रशिक्षण और प्रमाणन के लिए भारतीय पर्यटन एवं यात्रा प्रबंधन संस्थान, ग्वालियर के साथ एमओयू हुआ। इसके पहले चरण में भोपाल के 100 वाहन चालकों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। वन्यजीव और हॉस्पिटैलिटी क्षेत्र में भी निवेश प्रस्ताव आए। एटमॉस्फियर ग्रुप ने उज्जैन, इंदौर और वन्यजीव सर्किटों में 500 करोड़ रुपये के निवेश की योजना रखी। रेनी ग्रुप ने विभिन्न परियोजनाओं में 290 करोड़ रुपये से अधिक के निवेश पर चर्चा की। अन्य समूहों ने भी सतपुड़ा, कान्हा, कूनो, पेंच, बांधवगढ़ और पन्ना में रिसॉर्ट परियोजनाओं में रुचि दिखाई।

मध्य प्रदेश टूरिज्म बोर्ड ने ओरछा, बैतूल, नीमच, मंदसौर, गांधी सागर, रायसेन, सागर, सीहोर, उज्जैन और पन्ना सहित विभिन्न क्षेत्रों में रिसॉर्ट, वेलनेस रिसॉर्ट, इको-टूरिज्म और हेरिटेज होटल परियोजनाओं के लिए निवेशकों को लेटर ऑफ अवॉर्ड प्रदान किए।

फिल्म पर्यटन, फूड टूरिज्म, एमआईसीई, साहसिक पर्यटन और तकनीकी नवाचार को बढ़ावा देने पर भी चर्चा हुई। तकनीक के क्षेत्र में पर्यटन स्थलों पर एआई आधारित सहायक की तैनाती का प्रस्ताव रखा गया।

'दो इडली, एक डोसा, मोहन यादव पर ही भरोसा'

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) के विरोध में राजधानी के नीलम पार्क में शिक्षकों का आंदोलन जारी है। आंदोलन कर रहे शिक्षकों ने मुख्यमंत्री से अपनी मांगों के समाधान की उम्मीद जताई है।

शिक्षकों ने कहा कि उन्हें दबाव या टकराव नहीं, बल्कि मांगों पर संवाद और न्याय चाहिए। आंदोलन में 'दो इडली, एक डोसा, मोहन यादव पर ही भरोसा' जैसे नारे लगाए जा रहे हैं। अध्यापक शिक्षक संयुक्त मोर्चा के पदाधिकारी राकेश दुबे ने कहा कि संभागीय स्तर पर आंदोलन का पहला चरण पूरा हो चुका है। भोपाल संभाग के शिक्षक दूसरी बार धरने पर बैठे हैं। उन्होंने कहा कि कुछ लोगों ने आंदोलन को भटकाने का प्रयास किया, लेकिन नीलम पार्क का आंदोलन जारी है।

शिक्षा मंत्री से हुई मुलाकात

राकेश दुबे के अनुसार, शिक्षकों को शिक्षा मंत्री की ओर से मुलाकात के लिए बुलाया गया था। इस दौरान लोक शिक्षण आयुक्त को भी बुलाया गया। उन्होंने कहा कि शिक्षकों


शिक्षकों ने कहा- दबाव और टकराव नहीं, मांगों पर संवाद और न्याय चाहिए

ने अपनी मांगों और समस्याओं को विस्तार से रखा। आंदोलन में शामिल शिक्षक अपने अर्जित अवकाश का उपयोग कर प्रदर्शन में पहुंच रहे हैं।

टीईटी आवेदन नहीं करने की बात

अध्यापक शिक्षक संयुक्त मोर्चा ने शिक्षा मंत्री से मुलाकात के दौरान स्पष्ट किया कि आंदोलन कर रहे शिक्षक पात्रता परीक्षा के लिए आवेदन नहीं करेंगे। शिक्षकों का कहना है कि प्राथमिक और माध्यमिक शालाओं में अध्यापन करने वाले शिक्षकों के लिए आयोजित पात्रता परीक्षा की आवेदन अवधि 11 अक्टूबर तक बढ़ाई गई है। दुबे ने सवाल उठाया कि जिन शिक्षकों को पदोन्नति मिल चुकी है, वे किस पद के लिए पात्रता परीक्षा का आवेदन करें। उनका कहना है कि नियुक्ति के समय वे शिक्षाकर्मी वर्ग-3 थे, जबकि अब उच्च माध्यमिक शिक्षक बन चुके हैं।

मिनिमल इनवेसिव तकनीक से सफल हार्ट बायपास सर्जरी



नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः नर्मदापुरम रोड स्थित सागर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल के एडवांस्ड कार्डियक सेंटर में मिनिमल इनवेसिव तकनीक से सफल हार्ट बायपास सर्जरी की गई।

हॉस्पिटल के कार्डियोथोरेसिक एवं वैस्कुलर सर्जरी सर्विसेज के कंसल्टेंट डॉ. संजीव गुप्ता के नेतृत्व में विशेषज्ञ टीम ने यह सर्जरी की। टीम में कार्डियक एनेस्थेटिस्ट डॉ. अनुज कपूर और असिस्टेंट सर्जन डॉ. मनीष साहू शामिल रहे। डॉ. गुप्ता ने बताया कि इस तकनीक में छाती की हड्डी काटने की आवश्यकता नहीं होती और बाईं ओर लगभग 3 से 4 इंच के छोटे चीरे से हृदय तक पहुंच बनाई जाती है।

इससे मरीज को अपेक्षाकृत कम दर्द और असुविधा होती है तथा रिकवरी भी तेज हो सकती है। उन्होंने बताया कि चयनित मरीजों में यह तकनीक विशेष रूप से उपयोगी हो सकती है। अस्पताल में 44 वर्षीय मरीज की टोटल आर्टेरियल रीवैस्कुलराइजेशन तकनीक से बायपास सर्जरी की गई। मरीज की एक धमनी में कई जगह ब्लॉकेज थे, जिन्हें एक ग्राफ्ट से ठीक किया गया। मरीज को चार से पांच दिन बाद अस्पताल से छुट्टी दे दी गई।

पीजी डॉक्टर ने पूर्व प्रेमिका पर चलाई तीन गोलियां

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः राजधानी के गांधी नगर थाना क्षेत्र में मंगलवार रात एक पीजी डॉक्टर ने अपनी पूर्व प्रेमिका महिला डॉक्टर पर तीन राउंड फायरिंग कर दी। गोली महिला डॉक्टर की कनपटी को छूते हुए निकल गई। बीच-बचाव करने पहुंचे उसके कजिन को भी गोली लगी। घटना में आरोपी पीजी डॉक्टर नवीन रोहिला भी घायल हुआ है। उसे सीने, पेट और हाथ में चोटें आई हैं। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

थाना प्रभारी सुनील चतुर्वेदी के अनुसार महिला डॉक्टर श्वेता ठाकुर गुजरात की रहने वाली हैं और भोपाल में रहकर एमडी की पढ़ाई कर रही हैं। वह तीन दिन पहले अपने कजिन अभिषेक ठाकुर के साथ गुजरात से भोपाल लौटी थीं।

सात साल से था संबंध

पुलिस के मुताबिक श्वेता और नवीन करीब सात साल से संबंध में थे। पिछले दो महीने से दोनों के बीच अनबन चल रही थी। कुछ समय पहले श्वेता ने किसी दूसरे युवक से सगाई कर ली थी। नवीन उससे शादी करना चाहता था। इसी सिलसिले में वह श्वेता से बातचीत करने उसके फ्लैट पहुंचा था। पुलिस के अनुसार दोनों ने पहले फ्लैट के बाहर सीढ़ियों पर बातचीत की और बाद में अंदर चले गए। इसके बाद नवीन ने श्वेता पर तीन राउंड फायर किए। बीच-बचाव में अभिषेक भी घायल हो गया।

नवीन ने की आत्महत्या की कोशिश

फायरिंग के बाद नवीन ने फांसी लगाकर आत्महत्या की कोशिश की। उसके शरीर पर छर्रे लगने जैसे घाव मिले हैं। चोटों की स्थिति स्पष्ट करने के लिए अस्पताल में उसका सीटी स्कैन कराया गया। पुलिस ने श्वेता के बयान के आधार पर नवीन के खिलाफ हत्या के प्रयास का मामला दर्ज किया है। आरोपी के होश में आने के बाद उसके बयान लिए जाएंगे। पुलिस के अनुसार नवीन दो दिन पहले दोस्तों के साथ नैनीताल गया था और बाबा नीम करौली आश्रम भी गया था। मंगलवार तड़के भोपाल लौटने के बाद रात में वह श्वेता के घर पहुंचा था।

नवविवाहिता की संदिग्ध मौत दहेज प्रताड़ना के आरोप

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः मिसरोद इलाके में नवविवाहिता मोना डांगी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत का मामला सामने आया है। मृतका के भाई आदित्य डांगी ने पति और ससुराल पक्ष पर दहेज के लिए प्रताड़ित करने और मारपीट करने के आरोप लगाए हैं।

उन्होंने हत्या की आशंका जताते हुए निष्पक्ष जांच और प्राथमिकी दर्ज करने की मांग की है। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। परिजनों के मुताबिक मौत से पहले मोना ने ससुराल से ले जाने की गुहार लगाते हुए संदेश भेजा था। इसमें कथित तौर पर लिखा था कि उसे यहां से ले जाओ, नहीं तो ये लोग उसे मार डालेंगे। भाई ने यह संदेश जांच एजेंसी को उपलब्ध कराने की बात कही है। परिजनों ने दो महीने पुराना एक वीडियो भी पुलिस के सामने रखा है, जिसमें मोना के शरीर पर चोट के निशान दिखाई देने का दावा किया गया है। हालांकि घटनास्थल से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है।

ढाई साल पहले हुई थी शादीः पुलिस को दिए आवेदन के अनुसार मोना की शादी करीब ढाई साल पहले सिद्धार्थ डांगी से हुई थी। भाई का आरोप है कि शादी के बाद से ही पति, सास-ससुर और परिवार के अन्य सदस्य उसे दहेज को लेकर प्रताड़ित करते थे। पिछले करीब दो वर्षों से विवाद चलने का भी दावा किया गया है।

परिजनों ने पति के किसी अन्य महिला से संबंध होने समेत अन्य आरोप भी लगाए हैं। उन्होंने मोबाइल फोन, कॉल रिकॉर्ड, वॉट्सऐप चैट, सोशल मीडिया संदेश और सीसीटीवी फुटेज सुरक्षित रखने की मांग की है।

पति के अनुसार रात करीब 8:30 बजे मोना ने फांसी लगा ली। इसके बाद उसे अस्पताल ले जाया गया। अस्पताल पहुंचने में हुई देरी की भी पुलिस जांच कर रही है। थाना प्रभारी विमलेश कुमार राय ने बताया कि शुरुआती जांच में मामला फांसी लगाकर आत्महत्या का नजर आ रहा है। नवविवाहिता की मौत होने के कारण आगे की जांच एसीपी स्तर पर की जाएगी। परिजनों के आरोपों को भी जांच में शामिल किया गया है।



भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय मीडिया संयोजक आशीष अग्रवाल से बुधवार को नईदिल्ली में मध्यप्रदेश भाजपा के नवनियुक्त प्रदेश मीडिया प्रभारी बृजगोपाल लोया, प्रदेश सह मीडिया प्रभारी मिलन भार्गव, विशाल बतरा, पवन तथा प्रवक्ता अजय धवले ने मुलाकात की।

सौतेली बेटी की हत्या के प्रयास में आरोपी पिता को सात साल की सजा

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः सौतेली बेटी के गले पर चाकू से वार कर हत्या का प्रयास करने के मामले में न्यायालय ने आरोपी पिता तेज सिंह लोधी को सात वर्ष के सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। न्यायालय ने उस पर 5 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया है। मामले में शासन की ओर से विशेष लोक अभियोजक ऋषिराज द्विवेदी ने पैरवी की। घटना 29 जनवरी 2024 की रात की है। अभियोजन के अनुसार तेज सिंह लोधी अपनी सौतेली बेटी प्रीति लोधी को उसके ताऊ के घर छोड़ने की बात कहकर मोटरसाइकिल से ले गया था। रास्ते में झाड़ियों के पास उसने मोटरसाइकिल रोकी और प्रीति का मुंह दबाकर उसके गले पर चाकू से वार कर दिया। गंभीर रूप से घायल प्रीति झाड़ियों में गिरकर बेहोश हो गई। होश आने पर वह सड़क पर पहुंची, जहां कुछ लोगों ने उसे अस्पताल पहुंचाया। अस्पताल से सूचना मिलने के बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू की। कोहेफिजा थाने में अपराध दर्ज कर विवेचना की गई। घटनास्थल से कटर का हिस्सा, प्रीति की चप्पल और बैग जब्त किए गए। कटर का शेष हिस्सा आरोपी की निशानदेही पर उसके घर से बरामद किया गया। कटर पर मिले खून की डीएनए जांच कराई गई, जिसकी रिपोर्ट सकारात्मक रही। विवेचना पूरी होने के बाद अभियोग पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। दस्तावेज, साक्ष्य और अभियोजन के तर्कों से सहमत होते हुए न्यायालय ने आरोपी को भारतीय दंड संहिता की धारा 307 के तहत सात वर्ष के सश्रम कारावास और 5 हजार रुपये अर्थदंड से दंडित किया।

नवीन न्याय संहिताओं पर आधारित प्रदर्शनी का समापन

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः भेल दशहरा मैदान, गोविंदपुरा में नवीन न्याय संहिताओं को आमजन के लिए सरल और व्यावहारिक रूप में समझाने के उद्देश्य से आयोजित पांच दिवसीय प्रदर्शनी का बुधवार को समापन हुआ। पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाणा की मौजूदगी में हुए समापन कार्यक्रम में आधुनिक पुलिसिंग, फॉरेंसिक तकनीक और न्याय प्रक्रिया के सजीव प्रदर्शन की सराहना की गई।

डीजीपी ने कहा कि केंद्रीय गृह मंत्री के 3 अक्टूबर के दौरे की सूचना के बाद प्रदर्शनी के आयोजन के लिए केवल छह दिन का समय मिला था। सीआईडी टीम ने अवकाश के दिनों में लगातार काम कर रूपरेखा तैयार की और इवेंट एजेंसी ने दो दिन में सेटअप तैयार किया। उन्होंने इसे टीमवर्क और समर्पण का उदाहरण बताया। आयोजन में उत्कृष्ट योगदान देने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।



14 जोन में पूरी न्याय प्रक्रिया का प्रदर्शन

प्रदर्शनी में भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम के प्रावधानों को 14 विशेष जोन में मॉडल, डिजिटल डिस्प्ले, वीडियो, लाइव डेमो और नाट्य मंचन के माध्यम से प्रस्तुत किया गया। अपराध की सूचना से पुलिस कार्रवाई, वैज्ञानिक अनुसंधान, फॉरेंसिक जांच, अभियोजन और न्यायालयीन प्रक्रिया तक की पूरी व्यवस्था समझाई गई। अंतिम दिन अभियोजन और न्यायालय चरण का सजीव मंचन किया गया। इसमें सीसीटीएनएस और आईसीजेएस जैसी डिजिटल प्रणालियों की भूमिका दिखाई गई। आईसीजेएस के माध्यम से पुलिस, अभियोजन, स्वास्थ्य एवं फॉरेंसिक, जेल और न्यायालय के बीच डिजिटल समन्वय की जानकारी दी गई।

सात जिलों में 35 निर्माण कार्यों का औचक निरीक्षण

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः निर्माण कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए लोक निर्माण विभाग के मुख्य अभियंताओं के सात दलों ने 5 अक्टूबर को प्रदेश के सात जिलों में औचक निरीक्षण किया। सीहोर, मंडला, मुरैना, धार, सतना, उज्जैन और छतरपुर में यादृच्छिक आधार पर चयनित 35 निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण में लोक निर्माण विभाग के सड़क और पुल से जुड़े 21 कार्य, परियोजना क्रियान्वयन इकाई के चार भवन कार्य, मध्यप्रदेश सड़क विकास निगम के छह, मध्यप्रदेश भवन विकास निगम के तीन और राष्ट्रीय राजमार्ग का एक कार्य शामिल रहा।

निरीक्षण प्रतिवेदनों की समीक्षा के लिए मध्यप्रदेश सड़क विकास निगम के प्रबंध संचालक भरत यादव की अध्यक्षता में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक हुई। निरीक्षण किए गए 35 कार्यों में से 18 में आवश्यकतानुसार आंशिक सुधार के निर्देश दिए गए। मंडला में मध्यप्रदेश भवन विकास निगम द्वारा निर्माणाधीन नवीन मेडिकल कॉलेज भवन का कार्य संतोषजनक और गुणवत्तापूर्ण पाया गया। बैठक में सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों का शिकायतकर्ता को अवगत कराते हुए संतुष्टिपूर्ण निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। लोकपथ ऐप पर प्राप्त शिकायतों का चार दिन की समय-सीमा में निराकरण करने को कहा गया। अधिकारियों को निर्धारित मानक संचालन प्रक्रिया का पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। सड़क मरम्मत के साथ सड़क सुरक्षा कार्य, झाड़-झंखाड़ की सफाई, रोड मार्किंग और साइन बोर्ड की मरम्मत समय-सीमा में पूरी करने को कहा गया। सभी छोटे-बड़े गड्ढों की मरम्मत और ब्लैक स्पॉट सुधार के कार्य 30 अक्टूबर तक पूर्ण करने के निर्देश दिए गए।

महाराज अग्रसेन जयंतीः महालक्ष्मी की पालकी के साथ निकलेगी भव्य शोभायात्रा

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः अग्रकुल प्रवर्तक महाराजाधिराज श्री अग्रसेन जी महाराज की जन्म जयंती के अवसर पर 11 अक्टूबर को राजधानी भोपाल में भव्य महोत्सव आयोजित किया जाएगा।

श्री सिरोंजिया अग्रवाल पंचायत समिति के संरक्षण में होने वाले आयोजन का आयोजन अग्रवाल युवा मंच द्वारा किया जा रहा है। इसमें धार्मिक, सामाजिक और पर्यावरण संरक्षण से जुड़े कार्यक्रम होंगे। श्री सिरोंजिया अग्रवाल पंचायत समिति के अध्यक्ष मनमोहन मंगल ने बताया कि जयंती समारोह की शुरुआत 11 अक्टूबर को सुबह 10 बजे कमला पार्क के सामने आइटीसी पार्क स्थित अग्रसेन वाटिका में महाराज अग्रसेन जी के विधि-विधान से पूजन के साथ होगी। इस दौरान भोपाल के अग्रवाल समाज संगठनों के प्रमुखों और समाजसेवियों का स्वागत, अभिनंदन और सम्मान किया जाएगा। जयंती के अवसर पर शाम 6 बजे भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। यह श्री गुलाबचंद धर्मशाला ट्रस्ट, दयानंद चौक से शुरू होकर जनकपुरी जुमेराती, लोहाबाजार, सराफा चौक और सावरकर चौक लखेरापुरा होते हुए गुर्जरपुरा स्थित श्री सिरोंजिया अग्रवाल पंचायती भवन पहुंचेगी।



कार्यालय, मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं अधिष्ठाता
अटल बिहारी वाजपेयी शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय विदिशा (म.प्र.)
खेल परिसर के सामने, सांची रोड, विदिशा (म.प्र.) 464001, दूरभाष-07592-297254
E-Mail:- dean.vds@mp.gov.in Website:-www.gmcvidisha.org

क्रमांक : 6729/स्था./अ.बि.वा.जी.एम.सी./26 विदिशा/दिनांक :- 01/10/2026

जाहिर सूचना

केविएट दायर किए जाने संबंधी नोटिस

अटल बिहारी वाजपेयी चिकित्सा महाविद्यालय, विदिशा की स्वशासी संस्था के अधीन शैक्षणिक संवर्ग के विभिन्न विभागों में रिक्त पदों पर नियुक्ति की जाना है, शैक्षणिक संवर्ग के (सहायक प्राध्यपक एवं प्रदर्शक) पदों पर भर्ती हेतु विज्ञप्ति क्रमांक / 6715/स्था./राज/विज्ञप्ति-22 (शैक्षणिक)/26 विदिशा, दिनांक :-29/09/2026 एवं आकस्मिक चिकित्सा अधिकारी के पद भर्ती हेतु विज्ञप्ति क्रमांक/6714/ स्था./सी.एम.ओ. विज्ञप्ति-8/26 विदिशा, दिनांक : 29/09/2026 के तहत् विज्ञापन जारी किये गये है, तथा विभागीय वेबसाइट पर आवेदन प्राप्त किये जाने हेतु विज्ञप्ति विभागीय वेबसाईट पर अपलोड की गई है। उपरोक्त के अनुक्रम में चिकित्सा महाविद्यालय में शैक्षाणिक सवर्ग के पदों एवं आकस्मिक चिकित्सा अधिकारी के पद पर नियुक्ति की कार्यवाही करने हेतु जारी की गई विज्ञप्तियों के विरूद्ध किसी भी पक्ष द्वारा माननीय उच्च न्यायालय खण्डपीठ, ग्वालियर में याचिका दायर की जा सकती है।

अत: ऐसी स्थिति में किसी भी पक्ष द्वारा दायर की जाने वाली याचिका में पारित होने वाले निर्णय के पूर्व स्वशासी संस्था अथवा शासन का भी पक्ष सुने जाने हेतु माननीय उच्च न्यायालय के समक्ष संस्था की ओर से केविएट प्रस्तुत की जा रही है ताकि माननीय उच्च न्यायालय द्वारा इस संबंध में दायर याचिका में पारित किए जाने वाले निर्णय के पूर्व शासन/संस्था का पक्ष सुना जा सकें।

अधिष्ठाता
अटल बिहारी वाजपेयी
शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय, विदिशा

जी-19597/26

E-mail id-mobhopal@gmail.com

कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा) जिला भोपाल

क्रमांक/1093/ खनिज/उ.प.-/2026 भोपाल, दिनांक 22/09/2026

म.प्र. गौण खनिज नियम 1996 के नियम, 18 (1-क) के अंतर्गत उत्खनिपट्टा प्राप्त करने के लिए,

द्वितीय सूचना

यह सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री सुवीर तिवारी पता म.नं. 202, द्वितीय तल, परी अपार्टमेंट, इंडस टॉउन, जिला भोपाल म.प्र. द्वारा उत्खनिपट्टा प्राप्त करने हेतु निम्न क्षेत्र पर ऑनलाइन आवेदन पत्र दिनांक 23.07.2026 को प्रस्तुत किया गया है। इस क्षेत्र पर आवेदन प्रस्तुत करने हेतु प्रथम सूचना क्र. जी-17106/26 दिनांक 15.08.2026 प्रकाशित की गई थी। इस क्षेत्र पर पुन: प्रकाशन दिनाक से 15 दिवस तक इस क्षेत्र पर यथास्थिति उत्खनिपट्टा/पूर्वेक्षण अनुज्ञप्ति आवेदन ऑनलाइन आमंत्रित किये जाने हेतु आवेदन ई-खनिज 2.0 पोर्टल https://mines.mp.gov.in पर प्रस्तुत किये जायगे हैं।

जिला	तहसील	ग्राम	खसरा नंबर	रकबा (हेक्ट. में)	भूमि का प्रकार शासकीय/निजी	खनिज का नाम	रिमार्क
भोपाल	हुजूर	सोहागपुर	243	1.6530 हेक्ट.	शासकीय	मुरूम	रकबा 1.6530 हेक्ट

1. उपरोक्त प्रस्तुत ऑनलाइन आवेदन पत्र में आवेदित क्षेत्र के संबंध में अन्य इच्छुक आवेदकों से विज्ञप्ति प्रकाशित होने की तारीख से आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि तक (कार्यालयीन समय सायं 05:30 बजे तक) ऑनलाइन आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं।
2. यदि प्रकाशित विज्ञप्ति के उपरांत आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि तक प्रथम सूचना से प्राप्त आवेदन को शामिल करते हुए 03 अथवा उससे अधिकअन्य आवेदकों के आवेदन पत्र प्राप्त होते हैं, तो प्रथम आवेदन पत्र एवं प्राप्त सभी आवेदन पत्रों को म.प्र. गौण खनिज नियम 1996 के नियम 21 के तहत् अधिमान्यता तय करने के आशय से उसी दिन प्राप्त किया गया समझा जाएगा।
3. यदि इस प्रकाशित विज्ञप्ति में उल्लेखित आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि तक 03 से कम आवेदन पत्र प्राप्त होते हैं तो उपरोक्त अवधि में प्राप्त आवेदन पत्र तथा पूर्व प्रकाशित विज्ञप्ति की अवधि के दौरान प्राप्त सभी आवेदन पत्रों को म.प्र. गौण खनिज नियम, 1996 के नियम 21 के तहत् अधिमान्यता तय करने के आशय से उसी दिन प्राप्त किया गया समझा जाएगा।
4. यदि प्रथम एवं द्वितीय प्रकाशित विज्ञप्ति के उपरांत भी निर्धारित समयावधि में अन्य कोई आवेदन पत्र प्राप्त नहीं होता है तो प्रथम आवेदक के पक्ष में नियमानुसार खनि रियायत स्वीकृति पर विचार किया जा सकेगा।
5. निर्धारित समयावधि के उपरांत प्राप्त आवेदन पत्रों को विचार में नहीं लिया जाएगा।

प्रभारी अधिकारी
(खनिज) जिला भोपाल

जी-19623/26

मध्यप्रदेश शासन
सामान्य प्रशासन विभाग
(अधीक्षण शाखा)
मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल
दूरभाष क्र.-0755-2512077, 2512076

क्रमांकः एफ 2/2/15/0005/12-1/नाजिर/2425 भोपाल, दिनांक 06/10/2026

षष्ठम ई-निविदा सूचना

मध्यप्रदेश राज्य मंत्रालय अंतर्गत सामान्य प्रशासन विभाग / मुख्यमंत्री कार्यालय एवं विभागीय अधिकारियों के शासकीय उपयोग के लिए 26 वाहन किराये पर लिये जाने हेतु ऑनलाईन षष्ठम ई-निविदा ई-प्रोक्योरमेट प्रोर्टल https://mptenders.gov.in के माध्यम से आमंत्रित की जाती है, जिसका संक्षिप्त विवरण निम्नानुसार है :-

1.	ऑनलाईन निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं निविदा प्रोसेसिंग फीस	रूपये 1000/-+ प्रोसेसिंग शुल्क
2.	निविदा फार्म ऑनलाईन क्रय करने की प्रारंभ तिथि एवं समय	दिनांक 08/10/2026 समय अपरान्ह 12:00 बजे से
3.	प्री-बिड बैठक की तिथि, समय एवं स्थान	दिनांक 15/10/2026 समय अपरान्ह 12:00 बजे से मंत्रालय स्थित कक्ष क्रमांक-116 (समिति कक्ष)
4.	निविदा फार्म ऑनलाईन जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय	दिनांक 05/11/2026 को समय अपरान्ह 12:00 बजे तक
5.	निर्धारित अवधि में प्राप्त ऑनलाईन निविदाओं को खोलने की तिथि एवं समय	1. टेक्निकल बिड-दिनांक 06/11/2026 समय अपरान्ह 12:00 बजे 2. फायनेंशियल बिड-दिनांक 06/11/2026 समय अपरान्ह 12:30 बजे
6.	प्राप्त निविदाए खोले जाने का स्थान	मंत्रालय स्थित कक्ष क्रमांक-116 (समिति कक्ष)
7.	निविदाओं को खोलते समय निविदाकारों की उपस्थिति प्रार्थनीय है।	मंत्रालय स्थित कक्षक्रमांक-116 (समिति कक्ष)

2/ ई-निविदा सूचना मे कोई भी संशोधन समाचार पत्रों में प्रकाशित न किया जाकर वेबसाईट पर ही जारी किये जायेंगे। निविदा की विस्तृत शर्ते एवं जानकारी उपरोक्त वेबसाईट के माध्यम से प्राप्त की जा सकती है।

(मनोज श्रीवास्तव)
अवर सचिव (अधीक्षण)
मध्यप्रदेश शासन सामान्य प्रशासन विभाग

जी-19650/26